



# मुंबई की खराब शुरुआत, बारिश बनी बाधा

## 4 विकेट गिरने के बाद तिलक-हार्दिक ने संभाली पारी, बारिश के कारण कुछ देर रुका मैच

**कोलकाता 20 मई. आईपीएल 2026 के 65वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे मैच में मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही. कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और उसके गेंदबाजों ने कप्तान अजिंक्य रहाणे के फैसले को सही साबित करते हुए शुरुआती ओवरों में मुंबई के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया. हालांकि बीच मैच में बारिश ने भी खलल डाला, जिसके चलते खेल कुछ देर के लिए रोकना पड़ा.**



मुंबई इंडियंस की ओर से रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन ने पारी की शुरुआत की, लेकिन टीम को पहला झटका जल्दी लग गया. कैमरन ग्रीन ने रेयान रिकेल्टन को मनीष पांडे के हाथों कैच कराकर मुंबई को शुरुआती दबाव में डाल दिया. रिकेल्टन सिर्फ छह रन बनाकर पवेलियन लौटे. इसके बाद नमन धीर बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन वह भी ज्यादा देर टिक नहीं सके. ग्रीन ने उन्हें विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी के हाथों कैच कराया. नमन खाता भी नहीं खोल सके.

दो विकेट जल्दी गिरने के बाद रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव से बड़ी साझेदारी की उम्मीद थी, लेकिन कोलकाता के गेंदबाज लगातार दबाव बनाते रहे. रोहित ने कुछ अच्छे शॉट लगाए और 13 गेंदों में 15 रन बनाए, लेकिन सौरभ दुबे ने उन्हें कैमरन ग्रीन के हाथों कैच कराकर मुंबई को तीसरा झटका दिया. इसके बाद सूर्यकुमार यादव भी ज्यादा देर नहीं टिक सके. सौरभ दुबे ने उन्हें बोल्ड कर मुंबई की हालत और खराब कर दी. सूर्यकुमार 15 रन बनाकर आउट हुए. पावरप्ले समाप्त होने तक मुंबई इंडियंस ने चार विकेट खोकर 46 रन बना लिए थे. उस समय तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पांड्या क्रीज पर मौजूद थे. दोनों बल्लेबाजों ने संभलकर खेलना शुरू किया और टीम को संकट से निकालने की कोशिश की. तिलक और हार्दिक ने विकेट बचाने के साथ-साथ रन गति को भी बनाए रखने का प्रयास किया.

हालांकि मुंबई की पारी के दौरान मौसम ने भी खेल बिगाड़ दिया. आठ ओवर के बाद अचानक बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण मैच रोकना पड़ा. उस समय मुंबई का स्कोर चार विकेट पर 57 रन था.

### मैच शुरू करने की तैयारी

तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या सात-सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे. बारिश के बाद मैदानकर्मियों ने तेजी से कवर्स हटाए और मैच दोबारा शुरू करने की तैयारी की गई. आखिरकार रात 9:15 बजे मुकाबला फिर से शुरू हुआ. कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही शानदार लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी की. कैमरन ग्रीन और सौरभ दुबे ने मुंबई के शीर्ष क्रम को पूरी तरह दबाव में रखा. वहीं, मुंबई के बल्लेबाज शुरुआती झटकों से उबरते नजर नहीं आए. अब टीम को तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या से बड़ी साझेदारी की उम्मीद रहेगी ताकि सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा जा सके. यह मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है. मुंबई इंडियंस पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन वह बाकी टीमों का समीकरण जरूर बिगाड़ सकती है. ऐसे में केकेआर इस मैच को हर हाल में जीतकर अपनी उम्मीदों को मजबूत करना चाहेगी.

# 25वें ग्रैंड स्लैम के मिशन पर नोवाक जोकोविच

## 22वीं बार उतरेंगे सर्बियाई स्टार, पेरिस में शुरू की तैयारी



**पेरिस, 20 मई पूर्व विश्व नंबर एक नोवाक जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में रौलां गैरो पहुंच चुके हैं. 38 वर्षीय सर्बियाई स्टार इस साल फ्रेंच ओपन में 22वीं बार हिस्सा लेने जा रहे हैं और टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही चर्चा के केंद्र में हैं.**

जोकोविच ने मंगलवार को प्रतिष्ठित कोर्ट फिलिप-चैट्रियर पर जर्मनी के स्टार खिलाड़ी अलेक्सेंडर जवेरेव के साथ अभ्यास किया. क्ले कोर्ट सीजन में यह उनका दूसरा टूर्नामेंट होगा. इससे पहले उन्होंने रोम मास्टर्स में वापसी की थी, लेकिन दूसरे दौर में क्रोएशिया के युवा खिलाड़ी डिनो से हारकर बाहर हो गए थे.

सर्बियाई दिग्गज ने मार्च में इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर के खिलाफ हार के बाद लंबे समय तक कोर्ट से दूरी बनाई थी. हालांकि अब उनका पूरा फोकस रौलां गैरो पर है, जहां उन्होंने अपने करियर में शानदार सफलता हासिल की है.

उन्होंने 2016, 2021 और 2023 में ट्रॉफी अपने नाम की थी. इसके अलावा वह इस टूर्नामेंट में सात बार फाइनल तक पहुंचे हैं और क्ले कोर्ट पर 101 मुकाबले जीत चुके हैं. पिछले साल उनका अभियान सेमीफाइनल में खत्म हुआ था, जहां उन्हें इटली के स्टार खिलाड़ी सिनेर ने हराया था. इस सीजन में जोकोविच का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है. वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन खिताबी मुकाबले में स्पेन के युवा

### एक नजर में

## शार्दुल के अनुभव के साथ उतरेंगे ईगल स्ट्राइकर्स

**ठाणे (महाराष्ट्र).** एक जून से मुंबई में आयोजित हो रही टी20 मुंबई लीग 2026 के आगामी संस्करण के लिए ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है. ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने इस बार भी भारत के अनुभवी गेंदबाज शार्दुल ठाकुर पर भरोसा जताया है. पिछली बार टीम मामूली अंतर से फाइनल में पहुंचने से चूक गई थी, लेकिन इस बार टीम का संयोजन पहले से अधिक मजबूत नजर आ रहा है. ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स की टीम में आदित्य विनोद गिरी, अमर्त्य राजे, अनुज विनोद गिरी, अथर्व अंकोलकर, अयान मोहित जैन, एकनाथ दिनेश केरकर, कार्तिक मिथिलेश मिश्रा, मनन भाट, ओंकार तुकाराम तरमले, रोहन राजेंद्र घाग, साईराज पाटिल, शार्दुल ठाकुर, शशिकांत एकनाथ कदम, शाश्वत योगेश जगताप, शॉन मोतीराम रोड्रिग्स, शिवांश लल्लन सिंह, सिद्धांत मनोज सिंह, सुमेइर सम्राट जावेरी, विनय सुरेश कुंवर और धनय पारेख शामिल हैं. टीम की घोषणा पर ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स के मालिक विक्की रूपचंदानी ने कहा, 'हम इस सीजन के लिए तैयार की गई टीम से काफी संतुष्ट हैं. हमारी टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ऐसे युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो बड़े मंच पर खुद को साबित करने के लिए उत्साहित हैं.



## ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा

**जयपुर.** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की ऑरेंज कैप की दौड में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गये मुकाबले में पहले मिचेल मार्श और फिर वैभव सूर्यवंशी ने कब्जा मिचेल मार्श एक सप्ताह पहले सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजो की सूची में आसपास भी नहीं थे आरआर के खिलाफ 57 गेंदों पर 96 रनों की पारी और इससे पहले अपनी पिछली दो पारियों में 111 और 90 रन बनाकर वह 563 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर पहुंच गए. लेकिन वह शीर्ष स्थान पर अधिक देर नहीं रह पाए, क्योंकि अब नंबर वैभव सूर्यवंशी का था. वैभव सूर्यवंशी न एक बार फिर आक्रामक पारी खेली. सूर्यवंशी ने इसी सीजन जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रनों की पारी खेली थी लेकिन आरआर वह मैच हार गई थी. हालांकि इस मुकाबले में सूर्यवंशी ने 38 गेंदों पर 93 रनों की पारी खेली और आरआर ने प्लेऑफ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया. वैभव सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत की. लेकिन जल्द ही उनके बल्ले से बड़े शॉट्स आने लगे और मात्र 23 गेंदों पर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया. अपनी पारी के समापन के बाद सूर्यवंशी 579 रनों के साथ ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए और 563 रनों के साथ मार्श दूसरे स्थान पर खिसक गए. एसआरएच के हाइनरिक क्लासन अब तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 555 रन बनाए हैं. इसके बाद गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) हैं.



## प्रेजेंटेशन में लखनऊ के लिए अपशब्द बोल गए पंत

**जयपुर.** कप्तान ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की 13 मैचों में नौवीं हार के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में टीम के लिए अपशब्द बोल गए. आईपीएल 2026 में वे प्लेऑफ़ की दौड़ से बहुत पहले ही बाहर हो चुके हैं. टीम फ़िलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे है और अब इस सीजन के ख़त्म होने से पहले उन्हें सिर्फ़ एक आखिरी मैच की औपचारिकता पूरी करनी है. पंत शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ़ होने वाले मैच को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जब उन्होंने कहा, 'हम एक टीम के तौर पर गर्व महसूस करते हैं, चाहे अभी हमारी स्थिति कैसी भी हो. हमारी टीम जैसी है, हमें पता है कि हम जीत सकते हैं. चाहे कुछ भी हो, हम टीम और खिलाड़ी के तौर पर बहुत आत्मविश्वासी हैं. चीज़ें हमारे हिसाब से नहीं गईं और ये सब जानते हैं, लेकिन इससे ये सच नहीं बदलता कि हम एक (अपशब्द) अच्छी टीम हैं.' एलएसजी की सबसे बड़ी समस्या उनकी बल्लेबाजी रही है. खुद पंत का सीज़न बेहद खराब रहा है, जहां उन्होंने 12 पारियों में सात बार 20 या उससे कम रन बनाए. उनके आसपास के बड़े खिलाड़ी, जैसे- निकोलस पूरन भी फ़ॉर्म में नहीं दिखे. यहां तक कि मिचेल मार्श, जिन्होंने हाल ही में शतक लगाया था और मंगलवार को 96 रन बनाए, उनका भी इस आईपीएल में आगाज़ धीमा रहा था. टीम डायरेक्टर टॉम मूडी ने माना कि ख़ासकर मध्य क्रम का ख़राब प्रदर्शन, टीम के इस औसत प्रदर्शन की बड़ी वजह रहा, जिसकी वजह से टीम लगातार अंक तालिका के निचले हिस्से में रही.





# बीसीसीआई के घरेलू सीज़न में खेले जाएँगे 1,788 मैच

**मुंबई, 20 मई भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भारतीय घरेलू सीज़न 2026-27 का शेड्यूल घोषित करते हुए खुशी हो रही है.**

इस सीजन के दौरान, पुरुषों और महिलाओं के क्रिकेट में अलग-अलग आयु वर्गों और फ़ॉर्मेट में कुल 1,788 मैच खेले जाएँगे. इस सीजन में पुरुषों के क्रिकेट में सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर16 श्रेणियों में टूर्नामेंट होंगे, साथ ही महिलाओं की सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर15 प्रतियोगिताओं का भी एक विस्तृत कैलेंडर होगा.

घरेलू सीज़न की शुरुआत 23 अगस्त को प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफ़ी से होगी. यह एक और विस्तृत और बेहद प्रतिस्पर्धी कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है, जो भारत में घरेलू क्रिकेट के मानकों को लगातार ऊँचा उठा रहा है.

# लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय पहले राउंड में हारे

**कुआलालंपुर, 20 मई मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय का कैंपेन बुधवार को खत्म हो गया, क्योंकि दोनों भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में अपने पहले राउंड के मैच हार गए.**



पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, जो बैडमिंटन रैंकिंग में 11वें नंबर पर भारत के टॉप पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी हैं, उन्हें पहले राउंड में इंडोनेशिया के ज़की उबैदिल्लाह ने सीधे गेम में 21-17, 21-11 से हरा दिया. दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी उबैदिल्लाह और सेन पहले गेम में 14-14 से बराबर थे, लेकिन इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 43 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया.

इसी बीच, एचएस प्रणय, जिन्होंने 2023 में बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता था, जापान के दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी कोडाई नाराओका के खिलाफ एक घंटे 20 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले के बाद बाहर हो गए. पहला गेम हारने के बाद, एचएस प्रणय ने एक मैच पॉइंट बचाकर एक निर्णायक गेम के लिए मजबूर किया, जिसमें भारतीय शटलर ने अपने चार मैच पॉइंट गंवाए और आखिर में 17-21, 22-20, 22-24 से हार गए.

थारुन मन्नेपल्ली ने भी बढ़त गंवा दी और चीनी ताइपे के वांग पो-वेई से 21-17, 14-21, 8-21 से हार गए, जबकि किरण जॉर्ज को फ्रांस के सातवें सीड एलेक्स लैनियर - दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी - के खिलाफ मैच के बीच में ही रिटायर होना पड़ा.

मालविका बंसोड़ ने जर्मन ओलंपियन यवोन ली को ठीक एक घंटे में 21-17, 16-21, 21-9 से हराकर महिला सिंगल्स में भारत की दिलचस्पी बनाए रखी. अश्मिता चालिहा, क्वालिफायर से आगे बढ़कर, इंडोनेशिया की थलिता रामाधनी विर्यावान पर 21-16, 21-13 से जीत के साथ दूसरे राउंड में पहुंच गईं. वहीं, अनमोल खरब को डेनमार्क की आठवीं सीड लाइन होजमार्क केजर्सफेल्ड के खिलाफ करीबी मुकाबले में 21-13, 16-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा. तान्या हेमनाथ को चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पिंग से 21-19, 21-7 से हार का सामना करना पड़ा.

# सूर्यवंशी की बल्लेबाज़ी के मुरीद हुए लैंगर

**जयपुर, 20 मई स्ट्रेलिया के लिए 100 से ज़्यादा टेस्ट खेलने वाले जस्टिन लैंगर, वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा से हैरान होने वालों की सूची में एक नया नाम बन गए हैं.**

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को प्ले ऑफ़ की उम्मीदें ज़िंदा रखने के लिए लैंगर की कोचिंग वाली लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ़ 221 रन बनाने थे, लेकिन सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाकर मैच को आसान बना दिया. जब वह आउट हुए, तब आरआर को जीत के लिए सिर्फ छह ओवर में सिर्फ़ 41 रन चाहिए थे. लैंगर ने सूर्यवंशी को लेकर विश्व क्रिकेट के लिए एक तरह की चेतावनी दे दी. उन्होंने कहा, '35 साल के क्रिकेट करियर में मैंने कई शानदार खिलाड़ी देखे हैं, लेकिन किसी युवा खिलाड़ी को इस तरह बल्लेबाज़ी करते देखना, सिर्फ़ आज नहीं बल्कि पूरे टूर्नामेंट में हैरान कर देने वाला है. पिछले मैच में मिचेल स्टार्क गेंदबाज़ी कर रहे थे और उनके चेहरे का भाव देखिएगा. सूर्यवंशी उन्हें मार रहे हैं और स्टार्क के चेहरे पर ऐसा भाव था जैसे- 'यह यहां क्या हो रहा है?' उन्होंने कहा, 'तो एक पूर्व बल्लेबाज़ होने के नाते मैं जानता हूं कि बल्लेबाज़ी कितनी मुश्किल होती है.



## क्वीन्स महिला टूर्नामेंट की प्राइज मनी में 35% की बढ़ोतरी होगी

**लंदन.** जून में क्वीन्स क्लब में होने वाले महिला टूर्नामेंट की प्राइज मनी में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी. कुल प्राइज़ मनी में आधा मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी होगी, जिससे यह बढ़कर 1.915 मिलियन डॉलर हो जाएगी. लॉन टेनिस एसोसिएशन ने वादा किया है कि वह 2029 तक, ज़्यादा से ज़्यादा, महिला और पुरुष टूर्नामेंटों में बराबर प्राइज मनी देगा. इस साल पुरुषों के क्वीन्स टूर्नामेंट में प्राइज़ मनी 2.583 मिलियन यूरो होगी, जिसका मतलब है कि अगले तीन सालों में इस अंतर को पाटने के लिए अभी भी काफ़ी काम करना बाकी है. लेकिन महिला टूर्नामेंट के लिए दी जाने वाली प्राइज़ मनी, डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट के लिए ज़रूरी न्यूनतम 1.206 मिलियन डॉलर से काफ़ी ज़्यादा है.

## हम लॉर्ड्स में अपना पहला विश्वकप जीतना चाहते है : जेमिमा रोड्रिग्स

**नयी दिल्ली, 20 मई भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि हम लॉर्ड्स में होने वाला आगामी टी-20 विश्वकप 2026 का फाइनल जीतना चाहते है.**

यह पुरुष विश्वकप में भारत की पहली जीत की यादों के झरोखे के बाद एक सुखद अनुभूति होगी. लॉर्ड्स में 1983 के विश्वकप जीतने की यादें आज भी हर भारतीय के दिमाग में कौंधती है. इसी को लेकर रोड्रिग्स ने आईसीसी से कहा, 'कपिल देव और भारतीय पुरुष टीम ने वहां अपना पहला विश्व कप जीता था. हम वहां अपना पहला महिला टी-20 विश्व कप जीतना चाहेंगे. यह बहुत बढ़िया होगा.' भी ज्यादा समय नहीं हुआ जब रोड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी



महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमी-फ़ाइनल में भारत को जीत दिलाने के लिए 134 गेंदों पर नाबाद 127 रन की अपनी जिंदगी की सबसे यादगार पारी खेली थी.

इस जीत के बाद भारत ने नवी मुंबई में एक शानदार रात में अपना पहला टाइटल जीता. रोड्रिग्स का मानना है कि इस जीत ने भारतीय टीम में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का पक्का इरादा भर दिया है.

### आईपीएल

### सीएसके के लिए बेहद अहम मुक़ाबला, गिल-सुदर्शन से चेन्नई को बड़ा खतरा

# टॉप-2 में जगह बनाने पर गुजरात टाइटंस की नजरें

**अहमदाबाद, 20 मई आईपीएल 2026 में गुरुवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच सीज़न का 66वां मैच खेला जाएगा. जीटी की टीम प्लेऑफ़ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है. अब वो चाहेंगे कि अपने इस आख़िरी लीग मैच को जीतकर 18 अंकों तक पहुंचा जाए, ताकि अंक तालिका में पहले या दूसरे स्थान पर फ़िनिश कर सकें.**

वहीं सीएसके के लिए यह करो या मरो वाला मैच है. अगर वह इस मैच को जीतते हैं तो फिर प्लेऑफ़ की उम्मीदें ज़िंदा रहेंगी. हालांकि तब भी उन्हें दूसरी टीमों की हार-जीत पर निर्भर रहना होगा. दोनों टीमों ने अभी तक 9 मैच आईपीएल में खेले हैं. जिसमें से पांच मैच जीटी ने जीते हैं और सीएसके ने चार मैच जीते हैं.




सीएसके के ओपनर्स के सामने सबसे बड़ी चुनौती कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज की होगी. इन दोनों ने इस सीज़न वैसे भी पावरप्ले में जबरदस्त गेंदबाज़ी की है और संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ के खिलाफ इनका रिकॉर्ड और भी शानदार रहा है. सिराज और गायकवाड़ आईपीएल में 8 बार आमने-सामने हुए हैं, जिसमें गायकवाड़ सिर्फ़ 84 रन ही सिराज के ख़िलाफ़ बना पाए हैं और एक बार आउट हुए हैं. वहीं रबाडा ने टी20 में गायकवाड़ को 12 पारियों में तीन बार आउट किया है. इस दौरान गायकवाड़ 100 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ़ 71 रन ही रबाडा के ख़िलाफ़ बना पाए हैं.

सैमसन के ख़िलाफ़ भी सिराज का रिकॉर्ड काफी बढ़िया रहा है. सिराज ने आईपीएल की आठ पारियों में तीन बार सैमसन को आउट किया है, जबकि इस दौरान सिराज के ख़िलाफ़ सैमसन 100 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 41 रन ही बना पाए हैं. वहीं रबाडा भी टी 20 में सैमसन के ऊपर भारी पड़े हैं. दोनों पांच बार टी 20 में आमने-सामने हुए हैं. इस दौरान सैमसन 132 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 37 रन ही बना पाए हैं और तीन बार रबाडा ने उन्हें पवेलियन की राह दिखाई है.

### अकील के पास है गिल और बटलर का तोड़

जीटी के लिए उनके कप्तान शुभमन गिल और जॉस बटलर लय में हैं. पिछले मैच में भी इनके बीच अच्छी साझेदारी हुई थी. अगर इन्हें पवेलियन की राह दिखानी है तो फिर सीएसके को अकील हुसैन को खिलाना होगा, क्योंकि गिल और बटलर के ख़िलाफ़ अकील का रिकॉर्ड शानदार रहा है. टी 20 में अकील ने गिल को छह पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि गिल इस दौरान 108 की स्ट्राइक रेट से 39 रन ही अकील के ख़िलाफ़ बना पाए हैं. वहीं बटलर को अकील ने 16 पारियों में चार बार पवेलियन की राह दिखाई है. ऐसे में अगर अकील को अटैक पर लगाया जाता है तो फिर बटलर और गिल मुश्किल में आ सकते हैं. साई सुदर्शन इस सीज़न काफ़ी शानदार लय में हैं. वह ऑरेंज कैप जीतने के दावेदारों में हैं. वहीं सीएसके के ख़िलाफ़ भी उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है. सीएसके के ख़िलाफ़ साई सुदर्शन ने छह पारियों में 64.3 के शानदार औसत से 386 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 175 का रहा है.